# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक:– 15.04.2026**

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक 15.04.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।

जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।

साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।









महोबा पुलिस — समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:– 15.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा में व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित

मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा के समस्त थानों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित विशेष अभियान के क्रम में आज दिनांक 15.04.2026 को जनपद महोबा में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उक्त कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में संपन्न कराए गए।

कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस टीमों द्वारा बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों एवं ग्राम/कस्बा क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उन्हें आश्वस्त किया गया कि किसी भी प्रकार की शिकायत, उत्पीड़न अथवा आपात स्थिति में पुलिस द्वारा त्वरित सहायता प्रदान की जाएगी।

पुलिस टीमों ने महिलाओं को घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, साइबर अपराध एवं अन्य महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181 आदि एवं मिशन शक्ति केंद्रों की सेवाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए यह संदेश दिया गया कि वे किसी भी प्रकार की समस्या के संबंध में निडर होकर पुलिस से संपर्क करें।

जनपद महोबा पुलिस महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम हेतु निरंतर सक्रिय एवं प्रतिबद्ध है।






## मिशन शक्ति फेज–5.0 (द्वितीय चरण) के तहत महिला सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता अभियान — महोबा पुलिस का संवेदनशील प्रयास-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में संचालित मिशन शक्ति फेज–5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के उद्देश्य से विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएँ एवं संवाद सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में आज दिनांक 15.04.2026 को जनपद के समस्त थानों में नियुक्त मिशन शक्ति पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत स्कूलों/कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर छात्राओं, छात्रों एवं महिलाओं को आत्मरक्षा, उनके अधिकारों तथा साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रमों के दौरान छात्राओं को 'गुड टच' व 'बैड टच' की पहचान, आत्मरक्षा के सरल उपाय तथा महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि) के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

### साइबर अवेयरनेस कैम्पेन — डिजिटल युग में सुरक्षा की ओर कदम-

मिशन शक्ति कार्यक्रम के साथ-साथ महोबा पुलिस द्वारा "साइबर अवेयरनेस कैम्पेन" भी संचालित किया जा रहा है। इसके तहत लोगों को साइबर अपराधों के प्रकार, उनसे बचाव के उपाय, साइबर फ्रॉड की पहचान, फेक लिंक/ओटीपी धोखाधड़ी से सतर्क रहने की जानकारी दी गई।

इस दौरान छात्र/छात्राओं को साइबर अपराध की शिकायत हेतु राष्ट्रीय हेल्पलाइन नम्बर 1930 एवं पोर्टल www.cybercrime.gov.in के माध्यम से शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया।

### महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर—

- 1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1090 – वीमेन पावर लाइन 181 – महिला हेल्पलाइन 112 – पुलिस आपातकालीन सेवा 102 – गर्भवती महिलाओं/नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस सेवा 108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा 1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन 101 – अग्निशमन सेवा 1930 – साइबर हेल्पलाइन

### अभियान का उद्देश्य-

मिशन शक्ति फेज–5.0 (द्वितीय चरण) एवं साइबर अवेयरनेस कैम्पेन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास का संचार करना, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना, डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना तथा समाज में महिला सम्मान की भावना को और अधिक सशक्त बनाना है।











# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:– 15.04.2026

मीडिया सेल, महोबा

**थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्र में हुए युवती हत्याकांड का 24 घण्टे के अन्दर सफल अनावरण-**

- दिनांक 14.04.2026 को कण्ट्रोल रुम के माध्यम से थाना कोतवाली नगर को सूचना मिली कि एक युवती का शव सुभाष नगर, जेल के पीछे एक जंगल में मिला है। घटना के संबंध में थाना कोतवाली नगर महोबा में मु0अ0सं0 154/26 धारा 103(1) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।
- घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर महोबा पुलिस एवं जनपदीय एसओजी टीम के साथ पुलिस टीमों का गठन कर अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया।
- पुलिस टीम ने दिनांक 14.04.2026 को घटित युवती हत्या कांड का खुलासा करते हुए पुलिस टीम ने मात्र 24 घंटे के भीतर घटना में शामिल 02 अभियुक्तों को मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया।
- मुठभेड़ एवं गिरफ्तारी: आज दिनांक 15.04.2026 को थाना कोतवाली नगर पुलिस एवं जनपदीय एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ग्राम डहर्रा की ओर जाने वाली रोड़ में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया तथा पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग की। आत्मरक्षार्थ में पुलिस टीम द्वारा जवाबी कार्यवाही की गई, जिसमें दोनों अभियुक्त घायल हुए। पूछताछ में दोनो ने अपना नाम क्रमशः धर्मेन्द्र कुमार व सुमित सिंह बताया। दोनो अभियुक्तों को ईलाज हेतु जिला अस्पताल महोबा में भर्ती कराया गया है। जहां डॉक्टरों ने इनकी हालत स्थिर बताई है।

**- गिरफ्तार अभियुक्त:**

1. धर्मेन्द्र कुमार उर्फ बऊवा पुत्र मुन्नालाल अनुरागी, निवासी ग्राम डहर्रा थाना कोतवाली नगर महोबा
2. सुमित सिंह पुत्र जगभान सिंह, निवासी ग्राम मवई खुर्द थाना खन्ना महोबा

**- बरामदगी:**

- घटना में प्रयुक्त सफेद गमछा (आला कत्ल)
- 03 अदद मोबाइल फोन (01 अदद युवती का मोबाइल फोन)
- 01 अदद मोटरसाइकिल (हीरो HF डीलक्स)
- 01 अदद तमंचा .315 बोर मय खोखा व जिंदा कारतूस
- 01 अदद तमंचा 12 बोर मय खोखा व जिंदा कारतूस
- नगद धनराशि

**- अपराध का खुलासा :** पूछताछ में अभियुक्त सुमित सिंह द्वारा बताया गया कि उसका मृतका के साथ प्रेम संबंध था, जिससे उसके पारिवारिक जीवन में विवाद उत्पन्न हो गया था। मृतका की शादी अन्यत्र तय हो जाने से आक्रोशित होकर अभियुक्त ने अपने साथी धर्मेन्द्र के साथ मिलकर योजना बनाई और गला दबाकर हत्या कर दी।

- गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर में मु0अ0सं0 154/26 धारा 103(1) बीएनएस उपरोक्त में नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**- गिरफ्तार करने वाली संयुक्त पुलिस टीम-**

**- थाना कोतवाली नगर महोबा पुलिस टीम-**

1. SHO कोतवाली श्री मनीष कुमार पाण्डेय
2. चौकी इंचार्ज भटीपुरा उ0नि0 श्री रोशन गुप्ता 3. उ0नि0 अभिषेक पटेल
4. हे0का0 उमाशंकर 5. हे0का0 सतेन्द्र द्विवेदी 6. का0 अभिषेक पटैरिया
7. का0 सचिन यादव 8. का0 आमिर खान 9. का0 धर्मेन्द्र कुमार 10. का0 जयदीप पटेल

**- जनपदीय एसओजी टीम-**

1. प्रभारी उ0नि0 श्री शिवप्रताप सिंह 2. उ0नि0 विवेक यादव
3. क.ऑ. अभिषेक वर्मा 4.कां0 दीपक वर्मा 5.कां0 आशीष बघेल 6.कां0 रंजीत सिंह
7. कां0 निर्भय सिंह 8.कां0 कुलदीप यादव 9.कां0 नीलेश 10कां0 अभिषेक दुबे
11. कां0 सत्यम सिंह जादौन

## महोबा पुलिस का सघन वाहन चेकिंग अभियानः अवैध काली फिल्म, मॉडिफाइड साइलेंसर व अन्य उल्लंघनों पर कार्यवाही, 20 वाहनों का चालान

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु व्यापक वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

इसी क्रम में आज दिनांक 15.04.2026 को प्रभारी यातायात श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में मय यातायात पुलिस टीम द्वारा सघन वाहन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान 02 चार पहिया वाहनों में अवैध रूप से लगी काली फिल्म पाई गई, जिन्हें मौके पर ही हटवाते हुए संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गई।

इसके अतिरिक्त 01 बुलेट मोटरसाइकिल में अवैध मॉडिफाइड साइलेंसर पाया गया, जिसे हटवाकर संबंधित के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गई। साथ ही 01 वाहन पर जाति सूचक स्टिकर लगा पाया गया, जिसे हटवाते हुए आवश्यक कार्यवाही की गई।

तीन सवारी, बिना हेलमेट एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध भी मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए कुल 20 वाहनों का चालान किया गया।

महोबा पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि यातायात नियमों का पालन करें तथा अपने वाहनों में किसी भी प्रकार का अवैध संशोधन अथवा आपत्तिजनक/नियमविरुद्ध स्टिकर का प्रयोग न करें। नियमों का उल्लंघन करने पर कठोर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

